

# प्लाट के विवाद में बुजुर्ग की पीट-पीटकर हत्या

## FIR की मांग को लेकर परिजनों ने किया चक्काजाम, पुलिस ने केस दर्ज कर तीन को किया गिरफ्तार

**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** पिपरई के चिकमगलूर चौराह के पास प्लॉट विवाद को लेकर एक 60 वर्षीय बुजुर्ग को बेरहमी से पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। घटना गुरुवार रात्रि की बताई जा रहीं है। मारपीट की यह घटना सीसीटीव्ही कैमरे में कैद हो गई। तो वहीं बुजुर्ग की मृत्यु के बाद परिजनों ने शुक्रवार सुबह रामलीला मैदान पर शव रखकर चक्काजाम करते आरोपियों की गिरफ्तार की मांग की। इस दौरान पुलिस से लेकर प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा परिजनो को समझाइस दी, लेकिन वह चक्काजाम से नहीं हटे। इसके बाद पुलिस ने एफआईआर दर्ज करते हुए तीन लोगों को गिरफ्तार किया है।



दरअसल प्लाट को लेकर कल्लू अहिरवार और जगदीश कोरी के बीच पहले से विवाद चला आ रहा है,तो वहीं गुरूवार की रात के समय जगदीश, प्रेमनारायण और सर्जन ने कल्लू के प्लॉट पर लकड़ियां डाल रहे थे, तभी यह विवाद हो गया, जिसके चलते कल्लू के साथ तीनों ने मिलकर मारपीट की और उसके बाद उसे घसीटा गया, जिससे वह गंभीर घायल हो गया, जिसके उपचार के लिए सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां उपचार के दौरान उसने दमतोड़ दिया।

**6 घंटे से ज्यादा चला प्रदर्शन:** बुजुर्ग की मौत के बाद परिजनों ने रामलीला मैदान के पास शव को रखकर चक्काजाम कर दिया। इस दौरान परिजन काफी देर तक प्रदर्शन करते हुए नारेबाजी करते रहे और आरोपियों पर हत्या का प्रकरण दर्ज करने, उनके घरों पर बुलडोजर चलाने की मांग करते है। प्रदर्शन की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी ओपी मिश्रा, मुंगावली थाना प्रभारी अरविंद सिंह कछुवाह, सहराई थाना प्रभारी धर्मेश दांगी सहित अन्य अधिकारी मौके पर पहुंचे। उन्होंने परिजनों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन वे मानने को तैयार नहीं हुए। कुछ देर बाद मुंगावली एसडीएम इसरार खान, नगर परिषद सीएमओ अशोक वर्मा, नपा विधायक प्रतिनिधि रंजीत धाकरे ने भी मौके पर पहुंचकर परिजनों से बात की। वहीं चक्काजाम के कारण यातायात पूरी तरह प्रभावित रहा और गलियों से छोटे-बड़े वाहन गुजरते नजर आए।

### प्रदर्शन के बाद किया मामला दर्ज, तीन आरोपियों को भी किया गिरफ्तार

परिजनों के चक्काजाम के बाद पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज खंगाले, जिसमें कुछ लोग कल्लू अहिरवार के साथ मारपीट करते हुए दिखाई दिए। इसके आधार पर पुलिस ने जगदीश कोरी, प्रेमनारायण कोरी, सर्जन कटारिया सहित कुछ अन्य लोगों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया है। तो वहीं तो वहीं तीन लोगों को गिरफ्तार भी किया गया। हालांकि पुलिस ने इस मामले में बताया कि रात के समय विवाद के बाद दोनों पक्षों में बातचीत के बाद सहमति बन गई थी, जिस वजह से किसी पर कार्यवाही नहीं हुई थी और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र से उपचार कराकर घर भेज दिया था।

# युवा कांग्रेस ने जलाया मंत्री विजयवर्गीय का पुतला

**दूषित पानी से हुई मौतों के विरोध में किया प्रदर्शन**

**पुतला जलाने के बाद बजाया घंटा**

**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** इंदौर में दूषित पानी पीने से हुई मौतो और मंत्री कैलाश विजय वर्गीय के अमर्यादित बयान के विरोध में शुक्रवार को युवक कांग्रेस पार्टी द्वारा गांधी पार्क पर विरोध प्रदर्शन करते हुए पुतला दहन किया गया। इस दौरान युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओ ने घंटा बजाया, तो वहीं मंत्री वर्गीय का पुतला दहन किया, जिसे पुलिस ने छीनने का प्रयास किया, लेकिन पुतला पूरी तरह जल गया।

युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष रजनीश सिंघई के नेतृत्व में आयोजित विरोध प्रदर्शन के दौरान कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय का पुतला दहन करते हुए घंटा बजाया गया।



इस दौरान पार्टी पदाधिकारियों ने बताया कि इंदौर में दूषित पानी की आपूर्ति से हुई निर्दोष लोगों की मौतों तथा इस गंभीर मुद्दे पर जिम्मेदारी लेने के बजाय मंत्री कैलाश विजयवर्गीय द्वारा अमर्यादित, असंवेदनशील एवं निंदनीय टिप्पणी की गई, जिसका विरोध दर्ज कराया गया। युवा कांग्रेस नेताओं ने कहा कि इंदौर जैसे बड़े शहर में खराब पानी के कारण लोगों की मौत होना भाजपा सरकार की घोर लापरवाही और प्रशासनिक विफलता को दर्शाता है। ऐसी दुखद घटना पर संवेदना और जवाबदेही के बजाय मंत्री द्वारा गैर-जिम्मेदार बयान देना बेहद शर्मनाक है। युवा कांग्रेस ने मांग की कि इंदौर में दूषित पानी से हुई मौतों की उच्च स्तरीय जांच कर दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाए तथा मंत्री विजयवर्गीय को तत्काल मंत्रिमंडल से बर्खास्त किया जाए। इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष विशाल रघुवंशी, नपा नेता प्रतिपक्ष रितेश जैन, सुधीर शर्मा, देवेंद्र बैरागी, राहुल शर्मा, विधानसभा अध्यक्ष राहुल बैरागी सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

## एक नजर में




### कलेक्टर ने शंकरपुर मगरदा में आदिवासी परिवारों को कम्बलों का किया वितरण

**अशोकनगर।** शीत लहर और ठंड का ध्यान में रखते हुए कलेक्टर आदित्य् सिंह ने शुक्रवार को जनपद पंचायत अशोकनगर के ग्राम शंकरपुर मगरदा में आदिवासी परिवारों के बीच पहुंचकर गर्म कम्बलों का वितरण किया गया। इस दौरान उन्होंने आदिवासी परिवारों से संवाद स्थापित कर शासन द्वारा संचालित शासकीय योजनाओं अंतर्गत मिलने वाले लाभ के बारे में जानकारी ली। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि आदिवासी परिवारों को शासन की योजनाओं का शत-प्रतिशत लाभ मिले यह सुनिश्चित किया जाए। इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राजेश जैन, जनप्रतिनिधि प्रतापभान सिंह यादव, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत अशोकनगर शैलेन्द्र यादव, सरपंच दिलीप धाकड़ आदि मौजूद रहे।

### दिनभर चली सर्द हवाएं, दोपहर तक छाया रहा घना कोहरा

**अशोकनगर।** जिले में नये साल के साथ ही मौसम में बदलाव देखा गया, जहां साल के पहले दिन बादलों ने डेरा जमाए रखा, तो वहीं साल के दूसरे दिन शुक्रवार को सुबह से ही जिले ने कोहरे की चादर ओडे रखी, जिसके कारण दोपहर तक धुंध छाई रहीं, जिसके चलते दिनभर सूर्यदेव के दर्शन नहीं हुए। इसके अलावा दिनभर चली सर्द हवाओं के कारण लोग ठिठुरते नजर आए। जिसके चलते लोग ठंड से बचने के लिए दुकानों से लेकर घर तक लोग अलाव का सहारा लेते नजर आए।

### 4 वोटो से जीते कल्लू, बने सरपंच

**अशोकनगर।** विगत दिनों संपन्न हुए पंचायत उप निर्वाचन के दौरान ग्राम पंचायत बांकलपुर में सरपंच पद हेतु निर्वाचन संपन्न हुआ, जिसके चलते शुक्रवार को मतों की गणना हुई, जिसमें 4 मतों से कल्लू आदिवासी विजय प्राप्त की, जिन्हें निर्वाचन अधिकारी द्वारा प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। दरअसल राज्य निर्वाचन आयोग भोपाल द्वारा पंचायत उप निर्वाचन 2025 उत्त.रार्द्ध हेतु निर्वाचन कार्यक्रम जारी किया गया था। जिसके चलते जनपद पंचायत चंदेरी की ग्राम पंचायत बांकलपुर में सरपंच पद के रिक्त पद हेतु 29 दिसम्बर को मतदान सम्पन्न हुआ। तो वहीं मतदान उपरांत शुक्रवार को जनपद पंचायत चंदेरी में मतगणना संपन्न कराई गई। जिसमें कल्लू आदिवासी को कुल 479 मत प्राप्त हुए। तो वहीं भगुन सिंह आदिवासी को 475 मत प्राप्त हुए। इसके अलावा गुलाब आदिवासी को 19 मत मिले। वहीं नोटा पर 13 मत पड़े। इस चुनाव में कल्लू आदिवासी ने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी भगुन सिंह आदिवासी को 4 मतों से पराजित कर सरपंच पद पर विजयश्री प्राप्त की।

# चार की जगह अब दो बार लगाना होगी हाजरी

## हाजरी व्यवस्था को लेकर सफाईकर्मियों ने सौंपा ज्ञापन, नपाध्यक्ष ने दिया आदेश

**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** शुक्रवार को नगरपालिका अध्यक्ष नीरज मानोरिया के कार्यालय पर नगर पालिका के समस्त सफाई कर्मचारी अपनी विभिन्न मांगों को लेकर पहुंचे, जहां उन्होंने अध्यक्ष को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में प्रमुख मांग सफाई कर्मचारियों की हाजरी व्यवस्था को लेकर थी। जिसमें कर्मचारियों ने बताया कि वर्तमान में उन्हें चार बार हाजरी लगानी पड़ती है, जिससे उन्हें भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सफाई कर्मचारियों की मांग पर नगरपालिका अध्यक्ष नीरज मानोरिया ने त्वरित निर्णय लेते हुए चार बार की हाजरी व्यवस्था समाप्त कर केवल दो बार हाजरी लगाने की स्वीकृति प्रदान की। अध्यक्ष ने स्पष्ट कहा कि अब



नगर पालिका के सभी सफाई कर्मचारियों को दिन में सिर्फ दो बार ही हाजरी लगानी होगी। इस दौरान सफाई कर्मचारियों ने एक दर्दनाक घटना का भी जिक्र किया। उन्होंने बताया कि दो दिन पूर्व एक सफाई कर्मचारी अपने परिवार के साथ जा रहा था, तभी सड़क दुर्घटना में उसकी मौत हो गई। इसके बाद इलाज के दौरान उसकी पत्नी की भी मृत्यु हो गई, जबकि उनकी मासूम बच्ची का इलाज अभी जारी है। कर्मचारियों ने कहा कि कहीं न कहीं इस हादसे के पीछे बार-बार हाजरी लगाने की मजबूरी भी एक कारण रही है। इस पर नगरपालिका अध्यक्ष नीरज मानोरिया ने संवेदनशीलता दिखाते हुए कहा कि हाजरी की व्यवस्था अब दो बार ही रहेगी। वही नपाध्यक्ष ने कहा कि अगर किसी सफाई कर्मी की मृत्यु हो जाती है तो आधे दिन का अवकाश भी दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि दुर्घटना में मृतक परिवार के दोनों सदस्यों के परिजनों को शासन की सभी योजनाओं का लाभ भी दिलाया जाएगा। इसके अलावा घायल बच्ची के इलाज की पूरी जिम्मेदारी भी हमारे द्वारा उठाई जाएगी। अध्यक्ष के इस निर्णय से सफाई कर्मचारियों में संतोष देखा गया और उन्होंने त्वरित कार्रवाई के लिए अध्यक्ष का आभार व्यक्त किया।

# 7 दिन में रिलायंस पेट्रोल पंप के टैंक खाली कराने के दिए निर्देश

**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** जिला प्रशासन द्वारा रिलायंस पेट्रोल पंप के पेट्रोल एवं डीजल के टैंक को 7 दिन में खाली करने के निर्देश दिए है। जानकारी के अनुसार मैसर्स पुरूषोत्तमदास अग्रवाल रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड नया बस स्टैंड के सामने बायपास रोड अशोकनगर के टैंक में मौजूद पेट्रोल एवं डीजल को रिक्त कराने हेतु सेल्स ऑफिसर रिलायंस जियो को पत्र प्रेषित किये गये। जिसके संबंध में सोम एमपी रिलायंस बीपी मोबिलिटी लिमिटेड द्वारा लेख किया कि आरओ में मौजूद एमएस/एचएसडी स्टॉक अत्याधिक ज्वलनशील/ खतरनाक उत्पाद है। दोनों टैंको में इसकी मात्रा 38 हजार लीटर (लगभग 2 हजार लीटर पेट्रोल एवं 36 हजार लीटर डीजल) है। पेट्रोल एवं डीजल की इतनी अधिक मात्रा को टैंक से निकालने के सुरक्षा जौखिमों को देखते हुए मौजूदा स्टॉक को नोजल के माध्यम से निकालने एवं विक्रय करने की अनुमति चाही गई। उक्त के क्रम में रिलायंस पेट्रोल पंप के पेट्रोल एवं डीजल के टैंक को 7 दिवस में खाली कराने के लिए पत्र जारी किया गया एवं इस अवधि में उन्हें किसी भी प्रकार का नया भण्डारण नहीं करने हेतु आदेशित किया गया है। प्रतिदिन किये गये डीजल एवं पेट्रोल के विक्रय एवं शेष मात्रा की जानकारी प्रस्तुत करने हेतु जिला आपूर्ति अधिकारी अशोकनगर को निर्देशित किया गया है। वहीं नागरिकों/उपभोक्ताओं/ग्राहकों से अपील की गई है कि वह अपनी आवश्यकतानुसार पेट्रोल/डीजल क्रय कर सकते है।

# हादसा : कार स्कूटी की टक्कर में पति के बाद पत्नि की भी मौत

**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** वायपास रोड़ पर एक तेज रफ्तार कार ने स्कूटी में टक्कर मार दी, जिससे स्कूटी पर सवार दंपती सहित उनकी बेटी घायल हो गई, जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया, तो वहीं गंभीर होने पर भोपाल रैफर किया गया था, जहां रास्ते में पति की मृत्यु हो गई, तो वहीं गुरूवार को पत्नि भी इलाज के दौरान दमतोड़ दिया।

दरअसल बुधवार की शाम यादव कॉलोनी निवासी मोतीलाल बाल्मीक अपनी पत्नी विद्या बाई और बेटी बुलबुल के साथ बाजार से अपने घर स्कूटी पर जा रहे थे, इसी बीच युगल सरकार मंदिर के सामने रोड क्रॉस करते समय एक तेज रफ्तार कार ने उनकी स्कूटी को टक्कर मार दी। जिसमें दंपती सहित बेटी घायल हो गई थी, जिन्हें लोगों द्वारा उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां पति-पत्नि की मौत हो गई। परिजनों के द्वारा बताया गया कि मोतीलाल नगरपालिका में सफाई कर्मचारी था। तो वहीं बता दे इस हादसे में घायल मृतक दंपती की बेटी का इलाज चल रहा है।

**स्पीड ब्रेकरों की लगातार उठ रही मांग:** अक्सर देखने में मिलता है, प्रशासन हादसे के बाद सबक लेता है, लेकिन इस हादसे के बाद भी प्रशासन द्वारा सबक नहीं किया, तो वहीं उक्त घटना स्थल पर आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती है, जिसके चलते रहवासियों और युगल सरकार मंदिर कमेटी द्वारा सड़क पर स्पीड ब्रेकर लगाए जाने की मांग पीडब्लूडी से लेकर कलेक्टर से की गई, लेकिन इस ओर किसी का ध्यान नहीं किया। जिसका खामियाजा एक दंपती को अपनी जान देकर भुगतना पड़ा।

### रघुवंशी को दी विदाई

**अशोकनगर।** मध्य प्रदेश शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ द्वारा प्रांतीय कोषाध्यक्ष रामबली रघुवंशी द्वारा शासकीय सेवा पूर्ण होने पर विद्यालय परिवार प्राथमिक विद्यालय लखेरी विदाई समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में जिला शिक्षा अधिकारी सीएस सिसोदिया, डीपीसी राहुल शर्मा, सहायक संचालक येनिस जैन उपस्थित रहे। इस दौरान उपस्थित लोगों ने जहां रघुवंशी के कार्यकाल पर प्रकाश डाला, तो वहीं उन्हें आगामी जीवन की शुभकामनाएं दी गई। इस मौके पर प्राचार्य बीके बमोरिया, व्याख्याता अनिल खंतबाल, पूर्व बीआरसी विनोद सिहारे, शिवकुमार शर्मा ,धर्मेंद्र तिवारी, कमलेश तिवारी, बांकेलाल नामदेव, रामदयाल छीपा सहित बड़ी संख्या में शिक्षक एवं समाज के प्रबुद्ध लोग उपस्थित रहे। वहीं आयोजित कार्यक्रम का संचालन शिक्षक बलराम शर्मा द्वारा किया गया।

# चंदेरी विधायक जगन्नाथ सिंह ने बांटे नियुक्ति पत्र

**ईसागढ़ के जनपद कार्यालय में हुआ आयोजन**

**नवनियुक्त कार्यकर्ताओं को कर्तव्य की सीख**

**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** जिले की ईसागढ़ जनपद पंचायत के सभा कक्ष में नवनियुक्त आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं को नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय विधायक जगन्नाथ सिंह रघुवंशी उपस्थित रहे। इस दौरान उन्होंने नवनियुक्त कार्यकर्ता व सहायिकाओं को नियुक्ति आदेश देते हुए शुभकामनाएं दीं। तो वहीं उन्हें अपने पद के दायित्वों का निष्ठा एवं ईमानदारी से निर्वहन करने का संदेश दिया। इस अवसर पर जनपद पंचायत ईसागढ़ के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एपी




प्रजापति एवं महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी रजनी बालू विशेष रूप से उपस्थित रहीं। उन्होंने नवनियुक्त आंगनवाड़ी कार्यकर्ता व सहायिकाओं को संबोधित करते हुए कहा कि सभी को अपने जॉब चार्ट के अनुसार कर्तव्यों का निर्वाहन कर, पूरी निष्ठा से कार्य करना होगा। आंगनवाड़ी केंद्रों का सुचारू एवं प्रभावी संचालन सुनिश्चित करना उनकी प्राथमिक जिम्मेदारी है।

उन्होंने पोषण ट्रैकर एप एवं संपर्क एप के माध्यम से ऑनलाइन कार्यों को प्रतिदिन समय पर पूर्ण करने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए तथा सभी को समय पर आंगनवाड़ी केंद्र संचालन की सलाह दी। इस कार्यक्रम में उपस्थित सेक्टर सुपरवाइजर सहित समस्त आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाएं उपस्थित रहीं।

**आयोजन** | खेलेगा मुंगावली-जीतेगा मुंगावली की तर्ज पर खेलों के महाकुंभ का शुभारंभ

# खेल खेलने से हमारा शरीर स्वस्थ रहता है : बृजेंद्र सिंह

**नवभारत न्यूज**

**मुंगावली।** शुक्रवार को खेलेगा मुंगावली जीतेगा मुंगावली की तर्ज पर खेलो के महाकुम्भ का शुभारंभ किया गया। जिसमें नगर परिषद के द्वारा मुंगावली ओलंपिक खेलों की शुरुआत की गई है। पिपरई रोड़ स्थित स्टेडियम में तीन दिवसीय ओलंपिक खेलों के शुभारंभ अवसर पर मुख्य अतिथि विधायक बृजेन्द्र सिंह यादव, विशिष्ट अतिथि के रूप में नगर परिषद अध्यक्षा नीतू ग्वाल, जिला महामंत्री नरेश ग्वाल, जिला उपाध्यक्ष दीपक पालीवाल, मंडल अध्यक्ष नागेंद्र परिहार, मंडल महामंत्री रामबाबू दुबे उपस्थित रहे। इस दौरान विधायक बृजेंद्र सिंह यादव द्वारा ओलम्पिक खेलो का ध्वजा रोहण कर ओलम्पिक खेलो के



प्रतीत चिन्ह मशाल को प्रज्वलित कर गुब्बारों को उड़ाकर विधिवत खेलों की शुरुआत की गई।

जिसमें सर्व प्रथम मूर्धन्य पत्रकार गणेश शंकर विद्यार्थी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण किया गया और जन मन गायन कर स्कूली बच्चों से परेड कर सलामी ली गई।

इस दौरान विधायक श्री यादव ने कहा कि खेल खेलने से हमारा शरीर स्वास्थ्य रहता है जीवन में खेलों के प्रति रुची रखने से हमेशा स्वास्थ्य मन रहता है। नगर में खेलों को बढ़ावा मिलने से क्षेत्र के बच्चे आज अंतरराष्ट्रीय स्तर तक खेलों में क्षेत्र का नाम रोशन कर रहे हैं। इस ओलंपिक खेल प्रतियोगिता में इस तरह के ओलम्पिक खेलों से माध्यम से प्रतिभावान छात्र-छात्राओं के प्रोत्साहन एवं खेल संस्कृति को बढ़ावा देने के उद्देश्य से ओलम्पिक खेलों का आयोजन नगर परिषद द्वारा दूसरी बार किया गया हैं । बता दें कि इस ओलम्पिक खेलों में नगर के समस्त शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों के कक्षा 6 से 12 तक के छात्र-छात्राओं की सहभागिता रहेगी।

**इन खेलों का होगा आयोजन:** ओलंपिक खेलो में इन खेलों की प्रतियोगिता होगी, जिनमें कबड्डी, खो-खो, रस्साकशी, टेनिस बॉल क्रिकेट, एथलेटिक्स की विभिन्न स्पर्धाएं, शतरंज, हैंडबॉल सहित अन्य खेल प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी। ओलम्पिक खेलों के शुभारंभ पर विद्यार्थियों एवं खेल प्रेमियों में खासा उत्साह देखा गया ।तो वही नगरवासियों ने भी आयोजन में शामिल रहे।

**पहले दिन यह मुकाबले हुए:** पहले दिन अंडर-14 बालिका वर्ग के मुकाबले खेले गए, जिसमें फाइनल मुकाबला मां कॉन्वेंट एवं केंद्रीय विद्यालय के मध्य हुआ। इस मुकाबले में केंद्रीय विद्यालय की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं अंडर-17 एवं अंडर-19 वर्ग के मैच भी आयोजित किए गए। क्रिकेट प्रतियोगिता में पहला मुकाबला सेंट मीरा बनाम कृष्णा स्कूल के मध्य खेला गया, जिसमें सेंट मीरा स्कूल ने विजय प्राप्त की। दूसरा मुकाबला आईपीएस बनाम महावीर स्कूल के मध्य हुआ, जिसमें आईपीएस स्कूल विजयी रहा। तीसरा मुकाबला टीएवी बनाम केंद्रीय विद्यालय के मध्य खेला गया, जिसमें केंद्रीय विद्यालय ने जीत दर्ज की।

### फांसी के फंदे पर झूला अधेड़

**अशोकनगर।** पिपरई थाना अंतर्गत ग्राम देरसा में एक 50 वर्षीय व्यक्ति ने फांसी के फंदे पर झूलकर अपनी जीवनलीला समाप्त करने का प्रयास किया, जिसे परिजनों ने देख लिया और उसे फंदे से उतारकर उपचार के लिए अस्पताल लाए, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

परिजनों के मुताबिक गुरूवार को परिवार के सदस्य खाने खाकर सोने की तैयारी कर रहे थे, इसी बीच जब जशरथ सिंह को उनके कमरे से बुलाया गया, लेकिन कमरे में कोई हलचल न देख परिजनों ने जंगला से देखा तो वह तौलिया के फंदे पर लटके थे। जिसके बाद परिवार के सदस्यों ने आनन-फानन में गेट खोलकर फंदे को काटा उन्हें उपचार के लिए अस्पताल लाए, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद शुक्रवार सुबह पुलिस ने शव का पीएम कराकर परिजनों के सुपुर्द कर दिया। तो वही मर्गकायम करते हुए जांच में लिया है।


**OFFICE OF THE**
**KRISHI UPAJ MANDI SAMITI**
**ASHOKNAGER Distt. ASHOKNAGER**

No/Mandi/Const./25-26/1236

Ashoknager Dated: -23.12.2025

**NOTICE INVITING TENDER**

Online Percentage Rate E-Tenders are invited from contractors registered with the Office of the Engineer in Chief. M.P. Public Works Department, Government of Madhya Pradesh (Centralized Registration Cell) for: **Tender Number: 2026_MPSAM _472633 (PAC amount Rs. 371.26 Lakh)** Asphalting work Main gate to yard & WMM with asphalting work Near sheds at Old Mandi yard Ashoknager, **Tender Number: 2025_MPSAM_2026_MPSAM_ 472634 (PAC amount Rs. 163.83 Lakh)** CC flooring work Infront of plot at New mandi yard Ashoknager. The following works Tender to be received online up to 17:00 on 28.01.2026. Technical bid documents with EMD & Financial Offer to be received online only as per Detailed NIT. The tender documents can be obtained online on the http://mptenders.gov.in as per the Notice Published on the above Portal and detailed information can also be seen on website
**www.mpmandiboard.gov.in**

**Note:-** Any corrigendum in this NIT, if required, shall be displayed only in our above portal regarding any matter included in this NIT or otherwise. Other details of Construction/Development works and locations & key dates can also be seen on our website **www.mpmandiboard.gov.in**

**Secretary**